# देशभक्ति और हरियाली के साथ परवान चढ़ा हर घर तिरंगा अभियान

**पाली ( निसं )।** केंद्र एवं राज्य सरकार के निर्देश पर जिले में चलाया जा रहा हर घर तिरंगा अभियान परवान चढ़ा हुआ है। अभियान को लेकर आमजन में काफी उत्साह है। हर घर तिरंगा और एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शहर के मातृ वन में बुधवार को तिरंगे के साथ पौधरोपण अभियान शुरू हुआ। इसके तहत एक साथ एक हजार 111 पौधे लगाकर अभियान की शुरूआत की तथा इस अभियान के तहत कुल 21 हजार पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में नगर परिषद सभापति रेखा राकेश भाटी ने पौधा लगाकर अभियान का शुभारंभ किया।

इस मौके पर संभागीय आयुक्त डॉ.प्रतिभासिंह, पुलिस महानिरीक्षक ओमप्रकाश, जिला कलेक्टर एलएन मंत्री, एसपी चुन्नाराम जाट, उपवन संरक्षण पी. बालामुरूगन, जिला परिषद के सीईओ नंदकिशोर राजौरा, यूआईटी सचिव डॉ पूजा सक्सेना सहित सभी विभिन्न अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने बच्चों के साथ तिरंगे के साथ पौधे लगाकर अभियान को गति दी। कार्यक्रम में वन विभाग, नगर विकास न्यास, पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड, नगर परिषद सहित 6 विभागों के साथ विभिन्न स्वयं सेवी संस्थाओं का सहयोग रहा। साथ ही एक हजार स्कूली बच्चे भाग लिया।

इस मौके पर संभागीय आयुक्त डॉ.प्रतिभासिंह ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान दोनों देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत है। इसमें सभी का सहयोग जरूरी है। आज के इस कार्यक्रम में विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं, अधिकारियों व विद्यार्थियों के सहयोग की प्रशंसा की। जिला कलक्टर एलएन मंत्री ने कहा कि पाली एक औद्योगिक नगरी है तथा इस नगरी में वृक्षों की महत्ती आवश्यकता है। इसके लिए केंद्र एवं राज्य सरकार के निर्देश पर हर घर तिरंगा और एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया जा रहा है। पाली की जनता के लिए वरदान साबित होगी। उन्होंने कहा कि मातृ वन में पौधों को बूंद-बूंद सिंचाई पद्धति से सिंचित किया जाएगा। यहां बारिश का पानी संठाह करने के लिए नाडी बनाई है। यहां 600 बीघा जमीन है। इसे श्रृखलाबद्ध सघन वन के रूप में विकसित किया जाएगा। मातृ वन पौधों की सुरक्षा और पानी के लिए ड्रिप इरिगेशन सिस्टम लगाया है। इसमें 20 हेक्टेयर में बुधवार को 21 हजार पौधे तिरंगे के साथ पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में बांगड राउमा विद्यालय, सेठ मुकनचंद बालिया बालिका उमावि पाली, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय पुनायता, हंसनिर्वाण सरस्वती स्कूल, मधुरम विद्या मंदिर, आर्किड सेंट्रल स्कूल ऑफ एक्सीलेंस पाली, वंदेमातरम पब्लिक स्कूल, राजकीय बालिका उमावि मील क्षेत्र पाली आदि विद्यालयों का सहयोग रहा।

# ठेला चालक को शादी कराने का झांसा देकर 8.63 लाख ठगे

**जोधपुर ( कासं )।** शहर के खेडी सालवा में रहने वाले फ्रूट ठेला चालक को पिता पुत्र ने मिलकर अपनी ठगी का शिकार बना डाला। पिता ने खुद को बीएसएफ का कार्मिक बताया।

पहले जरूरत होने पर रूपए ऐंठे फिर ठेला चालक को शादी करवाने का झांसा देकर और रूपए ऐंठ लिए। उससे तकरीबन 8.63 लाख की ठगी की गई है। पीड़ित ने इस बारे में बनाड़ थाने में रिपोर्ट दी है। खेड़ी सालवा पूनिया की ढाणी हाल सारण नगर ब्रिज के पास फ्रूट का ठेला लगाने वाले सहीराम जाट से यह ठगी की गई है।

इसमें बताया कि उसके पास में जाटियाास का अरविंद जाजड़ा पिछले एक साल से फ्रूट आदि खरीद के लिए आता जाता था। उसने पिता गोविंदराम को बीएसएफ में होना बताया और अपने पिता गोविंदराम, मां बहन आदि से भी मिलवाया था। बाद में उनका रोजाना आना जाना शुरू हो गया। इन सभी से अच्छी जान पहचान हो गई थी। एक दिन गोविन्दाम व अरविन्द आए और कहा कि सहीराम हमें 2 लाख 30 हजार रूपए की जरूरत है। रूपयों के बदले में उन्होंने चेक देने की बात की थी। सहीराम ने बताया कि रूपयों के बदले में उसे तीन चेक दिए गए थे। उसने फोन पे के माध्यम से पहले इन लोगों को 2 लाख 28 हजार 62 रूपए दिए गए।

## सार-समाचार

### धारा 163 लागू, ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध

**जोधपुर ( कासं )।** कमिश्नरेट पुलिस मुख्यालय ने आदेश जारी कर ड्रोन उड़ाने को लेकर प्रतिबंध लगाया गया है। इसकी पालना में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 लागू की गई है। पुलिस उपायुक्त शरद चौधरी (मुख्यालय यातायात एवं कानून एवं व्यवस्था) ने बताया कि जोधपुर आयुक्तालय क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजनों में ड्रोन का उपयोग काफी बढ़ चुका है। हाल ही में देश में घटित अवांछनीय घटनाओं में भी ड्रोन उपयोग में लिये गये है। स्वतंत्रता दिवस समारोह-2024 के समय आतंकी संगठनों एवं असामाजिक तत्वों द्वारा ड्रोन के उपयोग से देश की सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावित किया जा सकता है। जोधपुर आयुक्तालय क्षेत्र सामरिक एवं ऐतिहासिक रूप के साथ-साथ सैन्य रूप से भी काफी संवेदनशील क्षेत्र है। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति बिना पूर्व अनुमति के जोधपुर आयुक्तालय के सम्पूर्ण क्षेत्र में ड्रोन एवं किसी प्रकार के फ्लाइंग ऑबजेक्ट का संचालन उपयोग नहीं करेगा। जोधपुर आयुक्तालय के सम्पूर्ण क्षेत्र में ड्रोन एवं किसी प्रकार के फ्लाइंग ऑबजेक्ट का उपयोग करने से पूर्व सक्षम प्राधिकारी से अनुमति लेनी होगी। आदेश की अवहेलना या उल्लघंन करने वाले व्यक्ति या संचालन/प्रबन्धन करने वाले व्यक्तियों पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 एवं अन्य विधिक प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी। आदेश आज 14 अगस्त से लागू हो गया जो 16 अगस्त तक प्रभावी रहेगा।

### 11 साल की बच्ची के साथ रेप

**जोधपुर ( कासं )।** पड़ोस में रहने वाले 35 साल के एक नेपाली युवक द्वारा 11 साल की बच्ची के साथ रेप किए जाने का मामला सामने आया है। आरोपी युवक को पुलिस ने पकड़ लिया है। मामला जोधपुर के बासनी इलाके का है। महिला अपराध अनुसंधान सेल के एडीसीपी लाभूराम चौधरी ने बताया कि बच्ची की स्थिति गंभीर होने के कारण उसे अस्पताल लेमे भर्ती कराया गया है। बच्ची के बयान नहीं हो पाए हैं। घटना 12 अगस्त की है। आरोपी युवक नेपाल का है। पुलिस ने मंगलवार देर रात उसे हिरासत में ले लिया था। वह बच्ची के ही मोहल्ले में रहता है। जांच में सामने आया कि पीड़िता के साथ दो से तीन बार रेप किया गया है। मंगलवार को रेप की शिकार बच्ची को उसके परिवार वाले एम्स हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। आरोपी युवक और पीड़िता के परिवार वाले साथ में ही मजदूरी करने जाते है। पिछले चार-पांच दिन से आरोपी मजदूरी पर नहीं जा रहा था। परिवार वालों के जाने के बाद नेपाली युवक ने बच्ची को बहला-फुसलाकर उसके साथ रेप किया। मंगलवार को बच्ची की तबीयत खराब होने पर परिवार वाले एम्स हॉस्पिटल लेकर गए। नाबालिग की हालत देख डॉक्टरों ने उसके साथ रेप होने की आशंका जताई और पुलिस को खबर कर दी। उसका मेडिकल करवाया गया। जोधपुर के बासनी थाना पुलिस ने बच्ची के साथ रेप होने की रिपोर्ट लिखी है। घटना की जानकारी मिलने पर मंगलवार को एसीपी छवि शर्मा, एडीसीपी लाभूराम चौधरी, बासनी थानाधिकारी मोहम्मद सफीक खान एम्स हॉस्पिटल पहुंचे तथा बच्ची के बारे में डॉक्टरों से जानकारी ली।

### सीएम ने तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाई

**जैसलमेर ( कासं )।** रियासत कालीन दुर्ग की साक्षी में चमत्कारी शेंढल माता के मंदिर चौक से हर घर तिरंगा यात्रा को राजस्थान के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया उस दौरान हाथ में तिरंगा लिए भाजपा अध्यक्ष चंद्रप्रकाश सारदा, राजस्थान के उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, विधायक छोटूसिँह भाटी एवं महंत प्रतापपुरी मु मंत्री श्री शर्मा के पास में मंच पर उपस्थित रहे तिरंगा यात्रा में सजी धजी खुली गाड़ी में सीएम भजनलाल शर्मा व डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा सवार रहे। इस दौरान लोगों ने तिरंगा यात्रा पर गुलाब के फूल बरसाए।तिरंगा यात्रा में शामिल ज्यादातर लोगों के हाथों में तिरंगा झंडा रहा। जिससे तिरंगा मय हो गई तिरंगा यात्रा। जिला प्रमुख प्रतापसिंह, नगरपरिषद सभापति हरिवल्लभ कल्ला, कलेक्टर प्रतापसिंह व एसपी सुधीर चौधरी, बीएसएफ के जवान एनसीसी, स्काउट, स्कूली बच्चों सहित कई जनप्रतिनिधि व जनता मौजूद रही। इस दौरान सजे धजे ऊंट व कालबेलिया नृत्य के साथ साथ बैंड वादन और बीएसएफ के जवानों के साथ सैकड़ों लोग शामिल हुए। रिंग रोड शिव रोड होती हुई तिरंगा यात्रा हनुमान चौराहे पर जाकर समाप्त हुई। तिरंगा यात्रा सोनार किले से शुरू होकर रिंग रोड होते हुए, शिव रोड पहुंची। यहां से नीरज होटल के आगे से होते हुए व्यास सर्किल, पंचायत समिति सम कार्यालय, पूनमसिंह स्टेडियम के आगे से होते हुए हनुमान चौराहा पहुंची। हनुमान चौराहे पर महात्मा गांधी की मूर्ति पर सीएम व डिप्टी सीएम ने फूल चढ़ाए और श्रद्धांजलि अर्पित की। हनुमान चौराहे पर भारत माता की जय के जयकारे लगे। हनुमान चौराहे पर ही तिरंगा यात्रा का समापन हुआ। इसके बाद सीएम भारत-पाक बॉर्डर के लिए रवाना हो गए।

### बीएसएफ जवानों ने रैली निकाली

**जोधपुर ( कासं )।** सहायक प्रशिक्षण केंद्र सीमा सुरक्षा बल जोधपुर के जवानों ने हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया। जवानों ने हाथों में तिरंगा लेकर रैली निकाली। बीएसएफ के जवान सजे-धजे ऊंट पर तिरंगा लेकर भारत माता के जयकारे लगाते हुए प्रशिक्षण केंद्र से मेहरानगढ फोर्ट तक पहुंचें। नजारा देखने लायक था। 1200 से ज्यादा जवान सुबह 6.30 बजे हाथों में तिरंगा लेकर घोड़ा घाटी सड़क से मेहरानगढ होते हुए वापस प्रशिक्षण केंद्र तक रैली निकाली। बीएसएफ के जवानों को देखकर माहौल तिरंगामय नजर आया। तिरंगे के साथ बीएसएफ के जवान सुबह 6.30 पर एसटीसी के गेट नंबर एक से रवाना हुए। रैली में डीआईजी एम ए जॉय, कमांडेंड देवेद्र सिंह व अन्य अधिकारीगण शामिल थे। करीब 1200 जवान के साथ निकली रैली में कैमल केवलरी का नेतृत्व डिप्टी कमांडेंट मनोहर सिंह खींची ने किया।

### पिता ने बेटे पर किया चाकू से हमला

**जोधपुर ( कासं )।** शहर के गुरों का तालाब क्षेत्र में एक पिता ने अपने बेटे और उसकी पत्नी पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। चाकू का वार पुत्रवधु के पेट में लगा, वहीं बीचबचाव में बेटे का हाथ भी जख्मी हो गया। खुद पिता भी इसमें चोटिल हुआ है। हमले का कारण पता नहीं लगा है मगर पारिवारिक विवाद होने का संदेह जताया गया है। महिला और उसके ससुर का अस्पताल में उपचार जारी है। प्रतापनगर पुलिस इसमें अठिाम जांच कर रही है। थानिाधकारी कमला ने बताया कि गुरों का तालाब क्षेत्र में भींयाराम जाट ने अपने बेटे मोहनराम और उसकी पत्नी पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। मोहनराम के हाथ पर चोट लगी और उसकी पत्नी के पेट में चाकू का वार लगा है। उसका मथुरादास माथुर अस्पताल में उपचार जारी है। मोहनराम की हालत ठीक है मगर उसके पिता भींयाराम जाट का एमजीएच में उपचार चल रहा है। परिवार में अन्य सदस्य भी घर पर ही मौजूद थे। हमले का कारण पता नहीं चला है। थानाधिकारी कमला ने बताया कि इसमें मोहनराम ने अपने पिता भींयाराम पर केस दर्ज कराया है। जांच एएसआई रामनारायण की तरफ से की जा रही है। आरोपी का पुलिस अभिरक्षा में उपचार चल रहा है।

## त्रिदिवसीय जांच शिविर का समापन

**जोधपुर ( कासं )।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बनाड़ जोधपुर में बुधवार को केन्द्रीय विद्यालय संगठन राज्य द्वारा भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के जयपुर मण्डल के अंतर्गत कब और बुलबुल के त्रिदिवसीय चतुर्थ चरण व हीरक पंख जांच शिविर का समारोह पूर्वक समापन हुआ। कर्नल इंद्रजीत यादव, कमांडेंट 19 एफएडी सेना जोधपुर एवं अध्यक्ष विद्यालय प्रबंधन समिति के सान्निध्य में आयोजित कैम्प फायर कार्यक्रम में कब और बुलबुल ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। प्राचार्य उम्मेद सिंह ने समापन समारोह में प्रतिभागी कब और बुलबुल को प्रमाण पत्र और स्मृति चिह्न प्रदान किए । प्रजिनका धनपाल मीना, सहित नौ परीक्षकों ने केन्द्रीय विद्यालय संगठन राज्य भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के जयपुर संभाग के सम्भागीय सचिव श्रवण लाल जाट व शिविर संचालक मुरली चौधरी के मार्गदर्शन में जांच कार्य किया गया।

## आई.आई.टी. की महिला प्रोफेसर से साइबर ठगों ने 12 लाख की ठगी की

**जोधपुर ( कासं )।** आईआईटी की महिला प्रोफेसर से साइबर ठगों ने 12 लाख की ठगी कर ली ।बदमाशों ने उन्हें मुंबई साइबर क्राइम ब्रांच का अधिकारी बनकर धमकाया और 12 लाख रुपयों की ठगी कर ली। ठगों ने उन्हें डराया कि उनके पार्सल में ड्रग्स और ढेरों डेबिट क्रेडिट कार्ड मिले हैं। अगर उन्होंने जांच में सहयोग नहीं किया तो उन्हें मनी लॉन्ड्रिंग के केस में गिरफ्तार किया जाएगा। डिजिटल अरेस्ट का ये मामला जोधपुर के करवड़ थाना इलाके का है। प्रोफेसर ने 13 अगस्त को थाने में रिपोर्ट दी है। मामले की जांच थानाधिकारी महेन्द्र कुमार कर रहे हैं।

**करवड़ थानाधिकारी महेंद्र कुमार ने बताया-** जोधपुर आईआईटी की प्रोफेसर अमृता पुरी (35) निवासी पटियाला (पंजाब) के साथ डिजिटल अरेस्ट की घटना हुई है। प्रोफेसर अमृता ने रिपोर्ट में बताया कि उनके पास एक अगस्त को अलग-अलग नंबरों से कॉल आए थे। उन्होंने कॉल रिसीव किया तो कॉलर ने खुद को पुलिस अधिकारी बताया। कहा कि उनका एक पार्सल मुंबई आया हुआ है। इस पार्सल में एमडी ड्रग्स मिली है। इसके साथ ही कई पासपोर्ट व क्रेडिट कार्ड भी हैं। फोन करने वाले ने कहा कि आप इसकी रिपोर्ट मुंबई के साइबर क्राइम ब्रांच में करवा दें। इसके बाद कॉल पर बात करने वाले ठग ने ही प्रोफेसर का कॉल साइबर ब्रांच में ट्रांसफर करवा दिया। इस पर वहां दूसरे व्यक्ति ने खुद को मुंबई की साइबर क्राइम ब्रांच का डीसीपी बताया। वह कॉल पर महिला प्रोफेसर को डराने लगा। कहा- वह मनी लॉन्ड्रिंग में फंस गई है। इसलिए अब उनको सहयोग करना होगा और सहयोग नहीं किया तो उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

रिपोर्ट में महिला प्रोफेसर ने बताया कि उनकी यह बात सुनकर वह डर गई और वे लोग जैसा कहते गए वह वैसा ही करती गई। महिला प्रोफेसर को साइबर ठगों ने 12 दिन तक डिजिटली अरेस्ट करके रखा। उनके फोन और लैपटॉप को एक्सेस कर लिया और कैमरा ऑन रखने को कहा।

रिपोर्ट में बताया- 1 अगस्त से 10 अगस्त तक प्रोफेसर को सर्विलांस पर रखने की बात कही गई। इसके साथ ही उनका फोन साइबर ठगों ने अपने कंट्रोल में ले लिया। प्रोफेसर का मोबाइल कंट्रोल कर कैमरा ऑन रखा और स्क्रीन को शेयर कर ली गई। साथ ही लैपटॉप को भी स्काइप के जरिए अपने कंट्रोल में ले लिया गया। रिपोर्ट में बताया कि इसके बाद 11 अगस्त को फाइनेंशियल वैरिफिकेशन की बात की गई। 12 अगस्त को उनके यस बैंक के एक खाते में चेक से आरटीजीएस के माध्यम से 11 लाख 97 हजार रुपए ट्रांसफर करवाए। पैसा ट्रांसफर होते ही उन लोगों ने महिला प्रोफेसर के डिवाइस से सारे एक्सेस हटा लिए। इसके बाद उसे एहसास हुआ कि उनके साथ फ्रॉड हुआ है। इस पर महिला प्रोफेसर ने साइबर थाने में सूचना दी।

## स्वास्थ्य विभाग की बर में छापामार कार्रवाई

**पाली ( निसं )।** शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत पाली चिकित्सा विभाग की खाद्य सुरक्षा टीम ने बर कस्बे में छापामार कार्यवाही को अंजाम दिया। टीम द्वारा कार्यवाही के दौरान दुकान में मिली कई अनियमितताएं, कार्यवाही करते हुए पांच खाद्य सामठी के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगषाला भिजवाया गया है।

सीएमएचओ डॉ.विकास मारवाल ने बताया कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत एवं खाद्य सुरक्षा आयुक्तालय के निर्देष पर बुधवार को पाली से चिकित्सा विभाग की खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा बस कस्बे के चैराहे पर संचालित हो रही न्यू जोधपुर स्वीट एण्ड नमकीन बर पर छापा मारा तथा टीम को निरीक्षण के दौरान मिठाई की दुकान में कई तरह की अनियमितता पाई गई। जिस पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी भूराराम गोदारा ने एफएसएसए एक्ट 32 के तहत सुधार नोटिस जारी कर 3 दिन में पाई गई अनियमितता के सुधार करने के निर्देष दिए है। उन्होंने बताया कि कार्यवाही के निर्देषों की पालना नहीं करने पर दुकान का खाद्य लाइसेंस निरस्त किया जा सकता है। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में नियम प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाएगी। साथ ही टीम द्वारा इसी दुकान के गोदाम का भी निरीक्षण किया गया, जिसमें बिन्दु संख्या 01 से 08 तक (मिठाई जो बनी हुई है, उनके उपर टैग नहीं लगा है, गोदाम में चारों ओर गंदगी पड़ी है, फ्रीज में दही प्लास्टिक थैली में भरा रखा है। मिठाई/घेवर बनाकर इसे ट्रे में जमीन पर रखे पड़े थे। गोदाम में छत से प्लास्टर टूटा हुआ है।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल की

**जोधपुर ( कासं )।** 78 वें स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह 15 अगस्त को राजकीय उम्मेद स्टेडियम में मनाया जाएगा। जिला स्तरीय इस समारोह की आज फुल ड्रेस रिहर्सल की गई। वहीं स्टेडियम को पुलिस ने सुरक्षा घेरे में ले लिया है। जिला स्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय कार्य विभाग, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा।

राजकीय उम्मेद स्टेडियम में आज सुबह स्वतंत्रता दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल की गई। गुरुवार को होने वाले समारोह में मुख्य अतिथि सुबह 9.05 बजे ध्वजारोहण के पश्चात् मार्च पास्ट का निरीक्षण करने के बाद होने वाली परेड की सलामी लेंगे। परेड में आरएसी, राजस्थान पुलिस, महिला एवं पुरूष होमगार्ड, स्काउट, गाइड की टुकडियां भाग लेंगी। राजस्थान पुलिस, आरएसी बैण्ड के अलावा विभिन्न विद्यालयों की बैण्ड प्लाटुन भी परेड का हिस्सा होंगी। समारोह में शिक्षा विभाग द्वारा हजारों छात्र-छात्राएं सामूहिक व्यायाम, डंबल्स वादन तथा लेजियम वादन प्रस्तुत करेंगे। मुख्य अतिथि नागरिकों को संबोधित करेंगे तथा प्रतिभावान छात्र-छात्राओं, अधिकारियों-कर्मचारियों, समाजसेवियों व अन्य क्षेत्र में लोगों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित करेंगे। फुल ड्रेस रिहर्सल में आज स्कूली छात्रों ने हाथों में सफेद, केसरिया व हरे रंग के रिबन लगा कर डंबल्स व लेजियम आदि को रिदम के साथ स्टैप किए। मार्च पास्ट व सलामी, शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग की ओर से आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रिहर्सल हुई।

## सेल्फी पॉइन्ट रहा आकर्षण का केंद्र

**पाली ( निसं )।** हर घर तिरंगा और एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शहर के मातृ वन में बुधवार को तिरंगे के साथ पौधरोपण अभियान में वन विभाग की ओर से बनाई गई सेल्फी पॉइंट आकर्षण का केंद्र रहा। इस सेल्फी पॉइंट पर सभी ने अपने हाथों में तिरंगा व पौधा लेकर फोटा खिचवाया।

इतना ही नहीं संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिंह, डीआईजी ओम प्रकाश मेघवाल, कलेक्टर एलएन मंत्री, एसपी चुन्नाराम जाट, डीएफओ पी. बालामुरूगन, आरओ राहुल शर्मा सहित बड़ी संख्या में लोगों ने सेल्फी पॉइंट पर अपने हाथों में तिरंगा व पौधा लेकर फोटो खिचवाया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, सभी जिला स्तरीय अधिकारी स्कूली स्टॉफ, वन विभाग के कार्मिक विभिन्न स्कूलों के बच्चे मौजूद रहे।

## युवक के परिजन ने नहीं उठाया शव

जोधपुर (कासं)। शहर में मंगलवार की शाम को हुई बारिश के चलते एक युवक की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई थी। वह विद्युत पोल से चिपक गया, तब उसे लकड़ी की सहायता से दूर किया गया। दूर हटते ही नीचे गिरा और मौत हो गई थी।

मृतक पत्नी और बच्चों संग घूमने निकला था। घटना तुरजी का झालरा से कुछ आगे हुई थी। इधर आज उसका शव एमजीएच मोर्चरी में रखा रहा। परिजन ने शव को उठाने से इंकार कर दिया और अपनी कुछ मांगें प्रशासन के सामने रखी। परिजन ने 50 लाख का मुआवजा, बच्चों की परवरिश और सरकारी नौकरी की डिमाण्ड रखी है। दोपहर तक शव की पोस्टमार्टम कार्रवाई नहीं हो सकी।

सदर कोतवाली थानाधिकारी बलवंताराम ने बताया कि रातानाडा निवासी 35 साल का मुर्तजा पुत्र मुस्तफा मंगलवार की शाम को अपनी पत्नी, बच्चों और दोस्त के साथ घूमने के इरादे से ऑटो कर भीतरी शहर की तरफ आ रहा था। घटना के समय शहर में बारिश हो रही थी।

इसके चलते जगह जगह पानी भर गया था। तुरजी का झालरा के समीप यह लोग जब टैक्सी लेकर पहुंचे तब पानी भरने से टैक्सी अचानक से बंद हो गई। तब वह अपने दोस्त के साथ मिलकर टैक्सी को धक्का मार रहा था।

यहां पास में एक विद्युत पोल था जिससे उसका हाथ टकरा गया और उसे करंट लग गया। करंट से वह विद्युत पोल से चिपक गया। फिर उसके दोस्त ने वहां पास में ही लकड़ी से उसे दूर हटाया । मगर तब तक मुर्तजा की मृत्यु हो गई थी।

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा युवाओं के विकास की आधारशिला : मुख्यमंत्री

**जैसलमेर ( कासं )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि शिक्षा केवल रोजगार का माध्यम ही नहीं है बल्कि संपूर्ण व्यक्तित्व के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। युवावर्ग को सही दिशा देकर ही किसी भी राष्ट्र और समाज का सर्वांगीण विकास संभव है तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उस युवा के विकास की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने किसान, महिला, गरीब एवं युवा वर्ग के हित में अनेक निर्णय लिए हैं जिससे आपणो अठाणी राजस्थान की संकल्पना तेजी से साकार हो रही है। शर्मा बुधवार को जैसलमेर के फतेहगढ़ में 50 राजकीय महाविद्यालयों के नवनिर्मित भवनों एवं 9 महाविद्यालयों में नवनिर्मित कक्षा-कक्षों के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री ने राजकीय महाविद्यालय फतेहगढ़ के भवन का फीता काटकर तथा 49 महाविद्यालयों के नवनिर्मित भवनों का वर्चुअली लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि आज हुए इन लोकार्पण से विद्यार्थियों को सभी सुविधाओं से युक्त नए भवन और क्लासरूम मिलेंगे तथा उनकी पढ़ाई सुगम होगी। इन 50 महाविद्यालयों में 26 हजार 370 विद्यार्थी इन नवीन सुविधाओं से लाभान्वित हो सकेंगे।

### युवाओं को सशक्त बनाना राज्य सरकार का विजन

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाकर उनको सशक्त बनाने के मजबूत विजन के साथ काम कर रही है। प्रदेश सरकार द्वारा 5 वर्षों में 4 लाख सरकारी पदों पर भर्तियाँ की जाएंगी और इस वर्ष एक लाख से अधिक पदों पर भर्ती की जा रही है। इसी क्रम में सहायक आचार्य के 1936, शारीरिक शिक्षकों के 247 एवं पुस्तकालय अध्यक्ष के 247 पदों पर भर्ती हेतु लिखित परीक्षा संपन्न हो चुकी है। उन्होंने कहा कि हम जो कहते हैं वो करके भी दिखाते हैं। शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का पालन करते हुए प्रदेश में शिक्षा के विकास के लिए 2024-25 से महाविद्यालयों में सेमेस्टर प्रणाली आरंभ कर दी गई है। अब विद्यार्थी अपनी रुचि के अनुसार विषयों और पाठ्यक्रमों का चुनाव कर सकता है। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा में विद्यार्थियों के लिए कौशल विकास के पाठ्यक्रम सम्मिलित किए जा रहे हैं जिससे विद्यार्थी अध्ययन के साथ रोजगारपरक कौशल प्राप्त कर सकें।

### शिक्षा के क्षेत्र में नित नए आयाम हो रहे स्थापित

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा युवावर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा क्षेत्र में नित नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा 37 नए राजकीय महाविद्यालय खोले जाएंगे जिनमें 20 सह-शिक्षा, 13 कन्या एवं 4 कृषि महाविद्यालय शामिल हैं। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र में किए गए प्रत्येक वादे को राज्य सरकार पूरा कर रही है। प्रदेश में 1 हजार 27 करोड़ 20 लाख रुपये की लागत से 192 महाविद्यालयों के भवनों का निर्माण कार्य शीघ्र ही पूर्ण करवा दिया जाएगा। इससे अस्थायी भवनों में संचालित महाविद्यालयों को स्थायी भवन में संचालित किया जा सकेगा। शर्मा ने कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार युवाओं के विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इससे प्रदेश के शैक्षिक संस्थानों के नवनिर्माण, रिसर्च-कौशल विकास, राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी एवं अन्य शैक्षिणक गतिविधियां बेहतरीन रूप से संपादित हो रही हैं।


कार्यालय ग्राम पंचायत नेडीनाडी
पंचायत समिति : धोरीमन्ना, जिला- बाड़मेर ( राज. )
स्वतंत्रता दिवस
के पावन पर्व पर सभी नागरिकों को हार्दिक बधाई
अपील
पानी का सदुपयोग करे।
वृक्षारोपण करे।
सभी पढे सभी बढे।
अतिक्रमण न करे।
बेटी बचाओ ,बेटी पढाओ।
HAPPY INDEPENDENCE DAY
श्रीमति रेखा विश्नोई, सरपंच
श्रीमति सीमा विश्नोई, ग्राम विकास अधिकारी

कार्यालय ग्राम पंचायत मुसलमानो की ढाणी
पंचायत समिति : धोरीमन्ना, जिला- बाड़मेर ( राज. )
स्वतंत्रता दिवस
के पावन पर्व पर सभी नागरिकों को हार्दिक बधाई
अपील
पानी का सदुपयोग करे।
वृक्षारोपण करे।
सभी पढे सभी बढे।
अतिक्रमण न करे।
बेटी बचाओ ,बेटी पढाओ।
HAPPY INDEPENDENCE DAY
श्रीमति करीमत, सरपंच
सुजानाराम, ग्राम विकास अधिकारी

कार्यालय ग्राम पंचायत लोहारवा
पंचायत समिति : धोरीमन्ना, जिला- बाड़मेर ( राज. )
स्वतंत्रता दिवस
के पावन पर्व पर सभी नागरिकों को हार्दिक बधाई
अपील
पानी का सदुपयोग करे।
वृक्षारोपण करे।
सभी पढे सभी बढे।
अतिक्रमण न करे।
बेटी बचाओ ,बेटी पढाओ।
HAPPY INDEPENDENCE DAY
श्रीमति मंजू डांगरा, सरपंच
खेमसिंह, ग्राम विकास अधिकारी

कार्यालय ग्राम पंचायत डबोई
पंचायत समिति : धोरीमन्ना, जिला- बाड़मेर ( राज. )
स्वतंत्रता दिवस
के पावन पर्व पर सभी नागरिकों को हार्दिक बधाई
अपील
पानी का सदुपयोग करे।
वृक्षारोपण करे।
सभी पढे सभी बढे।
अतिक्रमण न करे।
बेटी बचाओ ,बेटी पढाओ।
HAPPY INDEPENDENCE DAY
श्री हरी राम चौधरी, सरपंच
अचलाराम परमार, कनिष्ठ
सुभाष चंद्र वर्मा, ग्राम विकास अधिकारी

कार्यालय ग्राम पंचायत भीमथल
पंचायत समिति : धोरीमन्ना, जिला- बाड़मेर ( राज. )
स्वतंत्रता दिवस
के पावन पर्व पर सभी नागरिकों को हार्दिक बधाई
अपील
पानी का सदुपयोग करे।
वृक्षारोपण करे।
सभी पढे सभी बढे।
अतिक्रमण न करे।
बेटी बचाओ ,बेटी पढाओ।
HAPPY INDEPENDENCE DAY
श्री रामाराम डउकिया, सरपंच
श्रीमति सीमा विश्नोई, ग्राम विकास अधिकारी

कार्यालय ग्राम पंचायत भागभरे की बेरी
पंचायत समिति : धोरीमन्ना, जिला- बाड़मेर ( राज. )
स्वतंत्रता दिवस
के पावन पर्व पर सभी नागरिकों को हार्दिक बधाई
अपील
पानी का सदुपयोग करे।
वृक्षारोपण करे।
सभी पढे सभी बढे।
अतिक्रमण न करे।
बेटी बचाओ ,बेटी पढाओ।
HAPPY INDEPENDENCE DAY
साहेब खान, सरपंच
किशना राम पूनिया, ग्राम विकास अधिकारी

कार्यालय ग्राम पंचायत अरणियाली
पंचायत समिति : धोरीमन्ना, जिला- बाड़मेर ( राज. )
स्वतंत्रता दिवस
के पावन पर्व पर सभी नागरिकों को हार्दिक बधाई
अपील
पानी का सदुपयोग करे।
वृक्षारोपण करे।
सभी पढे सभी बढे।
अतिक्रमण न करे।
बेटी बचाओ ,बेटी पढाओ।

HAPPY INDEPENDENCE DAY
श्रीमति शांति देवी, सरपंच

